ये लेखे उत्तराखण्ड सरकार के लेन-देनों को प्रदर्शित करते हैं | उत्तराखण्ड सरकार के प्राप्तियों एवं व्यय के लेखे 20 कोषागारों, 106 लोक निर्माण प्रखंडों (85 भवन एवं सड़क, 21 ग्रामीण निर्माण प्रखंड), 57 वन प्रखंडों (46 वन तथा 11 जलागम), 85 सिंचाई / जल संसाधन प्रखंडों से प्राप्त प्रारंभिक लेखों तथा भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त सलाहों के आधार पर संकलित किये गये हैं | वर्ष के अंत में कोई भी लेखे अपवर्जित नहीं किये गये हैं |

(ii) लेखांकन अवधि:

इन लेखों की लेखांकन अवधि 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 है |

(iii) रिपोर्टिंग मुद्रा:

उत्तराखण्ड सरकार के लेखे भारतीय रुपयों (₹) में प्रदर्शित किए जाते हैं |

(iv) लेखों का स्वरूप:

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 150 के अन्तर्गत संघ एवं राज्यों के लेखे ऐसे प्रारूप में रखे जाते हैं जैसा कि भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति निर्धारित करें । अनुच्छेद 150 में प्रयुक्त शब्द 'प्रारूप'का एक व्यापक तात्पर्य है जिसमें न केवल लेखे रखे जाने का विस्तृत स्वरूप बल्कि लेन-देनों के वर्गीकरण हेतु उपयुक्त शीर्षों का चुनाव, जिससे लेखों का चार्ट बनता है, भी शामिल है |

(v) बजट एवं वित्तीय रिपोर्टिंग का आधार:

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 202 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने से पहले अनुमानित प्राप्तियों एवं व्यय का एक विवरण, वार्षिक वित्तीय विवरण (जिसे बजट कहा जाता है), अनुदानों / विनियोगों के रूप में विधायिका को प्रस्तुत एवं विधायिका द्वारा पारित किया जाता है | बजट को बिना वसूलियों एवं प्राप्तियों के, जिन्हें अन्यथा व्यय में कमी के रूप में समायोजित करने की अनुमति है, सकल आधार पर प्रस्तुत किया जाता है | बजट और खातों के शीर्षों से संबंधित वो सभी अनुदान / विनियोग जिनकी शेष राशि को आगे नहीं बढ़ाया जाता है, वित्तीय वर्ष के अंत में समाप्त हो जाते हैं |

बजट एवं लेखे: राज्य के बजट और लेखा दोनों एक ही लेखा अवधि, लेखांकन के नकद आधार और वर्गीकरण के समान आधार का पालन करते हैं। खातों को भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के परामर्श से लेखा महानियंत्रक द्वारा अधिसूचित मुख्य और लघु शीर्षों की सूची के अनुसार लघु शीर्षों के स्तर पर वर्गीकृत किया गया है। लघु शीर्ष स्तर के नीचे वर्गीकरण कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा प्रदान की गयी सहमति के अनुसार है |

एक अलग बजट तुलना विवरण विनियोग लेखों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जो अनुदानों/विनियोगों के सापेक्ष वास्तविक संवितरण प्रदर्शित करता है |

नकद आधार: अपवाद स्वरूप कुछ पुस्तकीय समायोजनों, जो अधिकृत हैं, को छोड़कर ये लेखे लेखा अवधि के दौरान वास्तविक नकद प्राप्तियों एवं संवितरणों को प्रदर्शित करते हैं | वित्त लेखों में प्राप्तियों और संवितरणों को वसूलियां, कटौतियां और प्रतिदाय को घटाकर निवल आधार पर प्रदर्शित किया जाता है |

पुस्तकीय समायोजन: पुस्तकीय समायोजन गैर-नकद लेन-देन हैं जो खातों में समायोजन / निपटान के रूप में दिखाई देते हैं। इनमें से कुछ लेन-देन यथा वेतन से कटौती और वसूली कर राजस्व प्राप्तियों/ऋणों/लोक लेखे में समायोजन, समेकित निधि और लोक लेखे के बीच धन के हस्तांतरण के लिए 'शून्य' बिल आदि, खाता प्रेषित करने वाली इकाइयों यथा कोषागारों, प्रभागों आदि के स्तर पर होते हैं |

पुस्तकीय समायोजन कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक) में भी किया जाता है। दूसरों के बीच, इनमें संचित निधि को डेबिट करके लोक लेखे में निधियों (जैसे राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष, केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि, ऋण शोधन निधि, आदि) के निर्माण और उनमें योगदान के लिए पुस्तांकन; संचित निधि को नामे करके लोक लेखे के जमा लेखाशीर्षों में जमा करना; सामान्य भविष्य निधि और राज्य सरकार समूह बीमा योजना पर ब्याज का वार्षिक समायोजन प्रमुख शीर्ष 2049-ब्याज भुगतान को डेबिट करके और संबंधित लोक लेखे में मुख्य शीर्षों में जमा करना; केंद्रीय वित्त आयोगों की सिफारिशों के आधार पर भारत सरकार की योजना के तहत ऋण माफी का समायोजन; आकस्मिकता निधि की प्रतिपूर्ति आदि शामिल है |

राजस्व एवं पूँजीगत व्यय के मध्य वर्गीकरण: स्थायी प्रकृति की मूर्त संपत्ति (संगठन में उपयोग के लिए और व्यवसाय के सामान्य कार्यप्रणाली में बिक्री के लिए नहीं) या मौजूदा परिसंपत्तियों की उपयोगिता बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए महत्वपूर्ण व्यय को मोटे तौर पर पूंजीगत व्यय के रूप में परिभाषित किया जाता है | रखरखाव, मरम्मत और कार्य चालन खर्च पर अनुवर्ती खर्चे जो संपत्ति को उपयोगी बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं, साथ ही स्थापना और प्रशासनिक खर्चों सहित संगठन को दिन-प्रतिदिन चलाने के लिए किए गए अन्य सभी खर्चों को राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है | लेखों में पूंजीगत और राजस्व व्यय को अलग-अलग दिखाया जाता है |

भौतिक एवं वित्तीय सम्पत्तियां एवं देयताएं: भौतिक एवं वित्तीय सम्पत्तियों (जैसे निवेश, सरकार द्वारा दिए गये ऋण एवं अग्रिम आदि) साथ ही देयताओं (जैसे ऋण आदि) को परम्परागत लागत अर्थात् अधिग्रहण/ क्रय वर्ष में कीमत के आधार पर मूल्यांकित किया गया है | भौतिक सम्पत्तियां ह्रासित एवं वित्तीय संपत्तियां अवमूल्यित नहीं की गई हैं | भौतिक सम्पत्तियों की समय सीमा समाप्ति पर भी इनकी हानियों को मूल्यांकित नहीं किया जाता |

सहायता अनुदान: भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से अधिकृत मामलों को छोड़कर भारत सरकार के लेखा मानक (आई.जी.ए.एस.)-2: सहायता अनुदान का लेखांकन और वर्गीकरण, के अनुपालन में नकद सहायता अनुदान को संवितरण के समय राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, भले ही इसमें अनुदान प्राप्त कर्ता द्वारा संपत्ति का निर्माण शामिल हो | प्राप्त हुए सभी अनुदानों को राजस्व प्राप्तियों के रूप वर्गीकृत किया जाता है | राज्य सरकार द्वारा दिए गए सहायता अनुदानों के लेखांकन और वर्गीकरण की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विवरण वित्त लेखों के विवरण 10 और परिशिष्ट III में दर्शाया गया है | वस्तु के रूप में दिए गए सहायता अनुदानों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है |

ऋण एवं अग्रिम: आई.जी.ए.एस.-3: सरकार द्वारा दिए गए ऋण और अग्रिम, के अनुपालन में राज्य सरकार द्वारा किए गए ऋण और अग्रिमों का विवरण वित्त लेखों के विवरण 7 और 18 में प्रकट किया गया है | 31 मार्च 2023 को विवरण में दर्शाए गए अंतिम शेषों को ऋणी संस्थाओं/राज्य सरकार के साथ मिलान करने की आवश्यकता है।

सेवानिवृत्ति लाभ: रिपोर्टिंग अवधि के दौरान संवितरित सेवानिवृत्ति लाभों को लेखों में दर्शाया गया है, लेकिन पुरानी पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों के प्रति सरकार की भविष्य की पेंशन देयता यानी अपने कर्मचारियों की अतीत और वर्तमान सेवा के लिए सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान की देयता को लेखों में शामिल नहीं किया गया है |

(vi) पूर्णांकन:

ये लेखे ₹ लाख में और ₹ करोड़ में पूर्णांकित किये गये आंकड़े प्रस्तुत करते हैं जैसा कि संबंधित विवरणों के शीर्ष पर दर्शाया गया है | खण्ड-I और खण्ड-II में क्रमशः सारांशित विवरणों और विस्तृत विवरणों में, जहां कहीं भी ₹ 0.01 / 0.02 करोड़ / लाख का मामूली अंतर होता है, पूर्णांकन के कारण होता है।

(vii) रोकड़ शेष:

लेखों में दर्ज रोकड़ शेष की राशि भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय लेखा अनुभाग के साथ राज्य सरकार के खाते में उस वर्ष में 31 मार्च के अंत में शेष राशि है | रोकड़ शेष वर्ष के लिए राज्य के समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखे से जुड़े नकद लेनदेन के बाद शेष राशि को दर्शाता है | पुस्तकीय समायोजन रोकड़ शेष को प्रभावित नहीं करते हैं | वित्त लेखों में दर्ज नकद शेष भारतीय रिजर्व बैंक के दस्तावेजों से मिलान के अधीन है |

(viii) प्रतिबद्ध एवं आकस्मिक देयताओं का प्रकटन:

आकस्मिक देनदारियों की पहचान नहीं की जाती है | आई.जी.ए.एस. 1: 'सरकारों द्वारा दी गई गारंटी' के अनुपालन में, राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार वित्त लेखों के विवरण 9 और 20 में प्रत्याभूतियों के क्षेत्र-वार विवरण का खुलासा किया गया है |

सरकार प्रतिबद्धता लेखांकन का पालन नहीं करती है और प्रतिबद्धताओं को न तो दर्ज करती है और न ही प्रतिबद्धता के सापेक्ष देयताएं लेखों में दर्शाती है, साथ ही, यह वित्त लेखों के परिशिष्ट XII के तहत अपनी भविष्य की प्रतिबद्धताओं का खुलासा नहीं करती है |

2. लेखांकन तंत्र की अनुपालना:

(i) अनाधिकृत लेखाशीर्षों का संचालन:

वर्ष 2022-23 के दौरान उत्तराखंड राज्य सरकार ने 07 अनाधिकृत उप मुख्य शीर्ष और 02 लघु शीर्ष (राजस्व अनुभाग के तहत 05 (उप मुख्य शीर्ष) और पूंजीगत अनुभाग के तहत 04 (02 उप मुख्य शीर्ष और 02 लघु शीर्ष)) के तहत बजट प्रावधान किया और इन लेखाशीर्षों में राजस्व अनुभाग के तहत ₹ 27.46 करोड़ (03 उप मुख्य शीर्षों में) और पूंजी अनुभाग के तहत ₹ 3.07 करोड़ (01 उप मुख्य शीर्ष में) का व्यय किया गया।

(ii) बजट प्रावधानों के चित्रण में विसंगति एवं गलत वर्गीकरण:

वर्ष 2022-23 के लिए राज्य सरकार के बजट दस्तावेजों में निम्नलिखित लेखाशीर्षों के संबंध में बजट प्रावधान और व्यय का सही वर्गीकरण नहीं दर्शाया गया है:

(क) अनुदान संख्या 07 के अंतर्गत लेखाशीर्ष 2049-03-117 और 2049-05-105 के स्थान पर 2049-60-701 के अंतर्गत ₹ 170.00 करोड़ का बजट प्रावधान दो योजनाओं के लिए किया गया था (1. नई पेंशन योजना के लिए ब्याज (₹ 20.00 करोड़), 2. ब्याज का स्थानांतरण CAMPA निधि (₹ 150.00 करोड़))।

वर्ष 2023-24 के बजट दस्तावेजों में आवश्यक सुधार के लिए मामला राज्य सरकार के समक्ष उठाया गया है।

3. समेकित निधि:

(i) वस्तु एवं सेवा कर:

वस्तु एवं सेवा कर 1 जुलाई 2017 से लागू किया गया था | वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य वस्तु एवं सेवा कर संग्रह 2021-22 में ₹ 5,973.36 करोड़ की तुलना में ₹ 1,367.28 करोड़ (22.89 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 7,340.64 करोड़ था | इसमें समेकित वस्तु एवं सेवा कर से अग्रिम आबंटन के अंतर्गत प्राप्त ₹ 295.89 करोड़ शामिल है | इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत राज्य सरकार ने राज्य को समनुदेशित शुद्ध आय का भाग ₹ 3,000.03 करोड़ प्राप्त किया | जीएसटी के अंतर्गत कुल प्राप्तियां ₹ 10,340.67 करोड़ थी। राज्य को वर्ष 2022-23 के दौरान जीएसटी के कार्यान्वयन से उत्पन्न राजस्व की हानि के कारण राजस्व प्राप्ति के रूप में ₹ 2,135.61 करोड़ का मुआवजा प्राप्त हुआ।

वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य वस्तु एवं सेवा कर के वित्त लेखों में पुस्तांकित आंकड़ों एवं भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों में कोई अंतर नहीं था |

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखों के विवरण संख्या 14 में उपलब्ध हैं।

(ii) राजस्व एवं पूँजीगत के मध्य व्यय का गलत/अपर्याप्त पुस्तांकन:

वर्ष 2022-23 के दौरान, उत्तराखंड सरकार ने गलत तरीके से ₹ 14.71 करोड़ (वृहद निर्माण) और ₹ 0.52 करोड़ (भूमि खरीद) के व्यय को पूंजी अनुभाग के बजाय राजस्व अनुभाग के तहत दर्ज किया, जैसा कि व्यय के उद्देश्य से निर्धारित किया गया है। इससे राजस्व व्यय की अत्युक्ति हुई है |

इसमें वित्त लेखों के विवरण 4, 5, 15 और 16 के आंकड़ों का संदर्भ है |

(iii) मुख्य नियंत्रण अधिकारियों एवं महालेखाकार (ले. एवं हक.) के बीच प्राप्तियों एवं व्यय का मिलान:

सभी नियंत्रण अधिकारियों द्वारा सरकार के प्राप्ति एवं व्यय के आँकड़ों का महालेखाकार (ले0 एवं ह0) के आँकड़ों से मिलान कराना आवश्यक है। वर्ष 2022-23 के दौरान ₹ 58,266.57 करोड़ की प्राप्तियों (कुल प्राप्तियों का 99.53 प्रतिशत) और ₹ 56,992.72 करोड़ के व्यय (कुल व्यय का 94.15 प्रतिशत) का मिलान राज्य सरकार द्वारा कराया गया |

वर्ष 2021-22 अर्थात पिछले वर्ष के दौरान ₹ 48,540.27 करोड़ की प्राप्तियों (कुल प्राप्तियों का 95.19 प्रतिशत) और ₹ 45,077.86 करोड़ के व्यय (कुल व्यय का 89.02 प्रतिशत) का मिलान राज्य सरकार द्वारा कराया गया था |

(iv) लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय एवं 800-अन्य प्राप्तियाँ के अंतर्गत पुस्तांकन:

लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय/800-अन्य प्राप्तियाँ तभी संचालित किया जाना चाहिए जब लेखों में उपयुक्त लेखा शीर्ष नहीं दिया गया हो | लघु शीर्ष 800 का नियमित संचालन से बचना चाहिए क्योंकि इससे लेखे अस्पष्ट हो जाते हैं |

वर्ष 2022-23 के दौरान 32 मुख्य लेखाशीर्षों के अंतर्गत ₹ 1,625.33 करोड़, जो कुल राजस्व एवं पूँजीगत व्यय (₹ 51,967.24 करोड़) का 3.13 प्रतिशत है, लघु शीर्ष '800-अन्य व्यय' के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये | पिछले वर्ष 2021-22 के दौरान 32 मुख्य लेखाशीर्षों के अंतर्गत ₹ 1,343.44 करोड़ जो कुल राजस्व एवं पूँजीगत व्यय (₹ 46,462.45 करोड़) का 2.89 प्रतिशत था, लघु शीर्ष '800-अन्य व्यय' के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये था |

उसी प्रकार से वर्ष 2022-23 के दौरान 45 मुख्य लेखाशीर्षों के अंतर्गत ₹ 3,437.85 करोड़ जो कुल राजस्व (₹ 49,082.70 करोड़) का 7.00 प्रतिशत है, लघु शीर्ष '800-अन्य प्राप्तियाँ' के अंतर्गत वर्गीकृत किये गये | पिछले वर्ष 2021-22 के दौरान 46 मुख्य लेखाशीर्षों के अंतर्गत ₹ 1,223.56 करोड़ जो कुल राजस्व (₹ 43,056.99 करोड़) का 2.84 प्रतिशत था, लघु शीर्ष 800-अन्य प्राप्तियाँ के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था |

इसमें वित्त लेखों के विवरण 14, 15 और 16 के आंकड़ों का संदर्भ है |

(v) व्यक्तिगत जमा (पी.डी.) खातों में निधियों का स्थानांतरण:

व्यक्तिगत जमा खातों के माध्यम से नामित आहरण अधिकारी किसी योजना से सम्बंधित विशेष उद्देश्यों हेतु व्यय कर सकते हैं |

वर्ष 2022-23 के दौरान ₹ 5.85 करोड़ की धनराशि इन व्यक्तिगत जमा खातों में हस्तांतरित की गयी | इसमें मार्च 2023 में हस्तांतरित किये गये ₹ 4.31 करोड़ सम्मिलित हैं, मार्च 2023 के अंतिम कार्य दिवस पर कोई भी धनराशि हस्तांतरित नहीं की गयी|

उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका, खण्ड-5, भाग-1, 2008, के परिशिष्ट 20 के अनुसार व्यक्तिगत जमा खातों के 25 प्रशासकों में से किसी ने भी उनके शेषों का कोषागारों के शेषों से मिलान और सत्यापन नहीं कराया और उनके द्वारा महालेखाकार कार्यालय को प्रेषित करने हेतु कोषागार अधिकारियों को कोई वार्षिक सत्यापन प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत नहीं किये गये |

31 मार्च 2023 को व्यक्तिगत जमा खातों का विवरण नीचे दिया गया है: (₹ करोड़ में)

1 अप्रैल 2022 को प्रारंभिक शेष		वर्ष 2022-23 के दौरान परिवर्धन		वर्ष 2022-23 के दौरान बंद/निकासी		31 मार्च 2023 को अंतिम शेष	
प्रशासकों की संख्या	**धनराशि**	**प्रशासकों की संख्या**	**धनराशि**	**प्रशासकों की संख्या**	**धनराशि**	**प्रशासकों की संख्या**	**धनराशि**
45	188.07	0	5.85	20	64.64	25	129.28

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखों के विवरण सं. 21 में उपलब्ध हैं |

31 मार्च 2022 (पिछले वर्ष) के अंत में, 45 प्रशासकों के व्यक्तिगत जमा खातों में ₹ 188.07 करोड़ की धनराशि शेष थी |

(vi) असमायोजित सार आकस्मिक (ए.सी.) बिल:

वित्तीय नियम (केंद्रीय कोषागार नियमों का नियम 290) परिकल्पित करते हैं कि सरकारी कोषागार से तब तक कोई धनराशि नहीं निकाली जानी चाहिए जब तक यह तत्काल संवितरण हेतु आवश्यक ना हो | आकस्मिक परिस्थितियों में आहरण और वितरण अधिकारी सार आकस्मिकता बिल के माध्यम से धनराशि निकालने हेतु अधिकृत हैं | उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका खंड-5 भाग-1, 2008 के अनुसार आहरण और वितरण अधिकारियों को अंतिम व्यय के सम्बन्ध में उद्देश्य पूर्ति के एक माह के भीतर विस्तृत प्रति हस्ताक्षरित आकस्मिक बिल देयकों के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

वर्ष 2022-23 के दौरान आहरित ₹ 8.98 करोड़ के 271 सार आकस्मिक बिलों में से ₹ 0.24 करोड़ (2.67 प्रतिशत) के 05 बिल मार्च 2023 में आहरित किए गए | 31 मार्च 2023 तक ₹ 11.36 करोड़ के 74 सार आकस्मिक बिलों के सापेक्ष विस्तृत प्रति हस्ताक्षरित आकस्मिक बिल प्राप्त नहीं हुए |

31 मार्च 2023 तक विस्तृत बिल प्रस्तुत ना होने से असमायोजित सार आकस्मिक बिलों का विवरण नीचे दिया गया है:

वर्ष	असमायोजित सार आकस्मिक बिलों की संख्या	धनराशि (₹ करोड़ में)
2021-22	37	10.60
2022-23	37	0.77
योग	**74**	**11.37**

31 मार्च 2022 (पिछले वर्ष) के अंत में, कुल 243 सार आकस्मिक बिलों के संबंध में ₹ 27.33 करोड़ के विस्तृत आकस्मिक बिल प्राप्त नहीं हुए थे।

(vii) सहायक अनुदानों के अप्राप्त उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यू.सी.):

उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका खंड-5 भाग-1, 2008 के नियम 369-D के अनुसार अनुदान प्राप्त होने के 12 महीने के भीतर या उसी प्रयोजन हेतु दूसरी अनुदान हेतु आवेदन करने से पूर्व, जो भी पहले हो, अनुदेयी द्वारा प्राप्त अनुदान के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण पत्र अनुदाता को प्रेषित करना आवश्यक है | उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की सीमा तक इस बात का कोई आश्वासन नहीं है कि वित्त लेखों में दर्शाए गई धनराशि लाभार्थियों तक पहुंची है या नहीं |

वर्ष 2022-23 के दौरान, अप्राप्त उपयोगिता प्रमाण-पत्र से सम्बंधित ₹ 1,706.67 करोड़ के 354 उपयोगिता प्रमाण पत्रों का समाशोधन किया गया, जो वर्ष 2022-23 तक देय थे | 31 मार्च 2023 को अप्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्रों की स्थिति निम्नवत है:

वर्ष[1]	अप्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्रों की संख्या	धनराशि (₹ करोड़ में)
2021-22 तक	01	20.29
2022-23	267	844.03
योग	**268**	**864.32**

इसमें वित्त लेखों के विवरण 10 एवं परिशिष्ट III के आंकड़ों का संदर्भ है |

31 मार्च 2022 (पिछले वर्ष) को ₹ 1390.08 करोड़ के 321 उपयोगिता प्रमाण पत्र बकाया थे।

(viii) ब्याज समायोजन:

श्रेणियों ञ-आरक्षित निधियाँ (क-ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ) और ट-जमा और अग्रिम (क-ब्याज सहित जमा) के शेषों के सापेक्ष ब्याज अदायगी के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है और इसके लिए लेखों के मुख्य एवं लघु शीर्षों की सूची (LMMHA) में विशेष उप-मुख्य लेखा शीर्ष दिए गये हैं |

[1] उपर्युक्त वर्ष "देय वर्ष" अर्थात वास्तविक आहरण के 12 महीने बाद को दर्शाता है |

वर्ष 2022-23 के दौरान इन निधियों/जमाओं और सरकार द्वारा दिए गये ब्याज का विवरण निम्नवत है:

(₹ करोड़ में)

निधियाँ/जमा	**1 अप्रैल 2022 को शेष**	**ब्याज गणना का आधार**	**देय ब्याज**	**ब्याज भुगतान**
ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ - SDRF	**2.27**	ब्याज 7.49 प्रतिशत पर गणित (SDRF के दिशानिर्देशों के अनुसार)	0.17	…
ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ - SCAF	**2,873.61**	ब्याज 3.35 प्रतिशत पर गणित (भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सूचित)	96.27	150.00
ब्याज सहित जमा (CPS MH 8342-117 के अलावा)	**370.33**	ब्याज 5.49 प्रतिशत पर गणित (वर्ष 2022-23 के लिए औसत अर्थोपाय ब्याज दर 5.49 लेते हुए)	20.33	74.33
NPS (8342-117) के अंतर्गत अहस्तांतरित राशि	**83.21**	ब्याज की गणना सरकार द्वारा अधिसूचित सा०भ०नि० पर देय ब्याज 7.10 प्रतिशत की दर पर की गयी है |	5.91	20.00
		योग	**122.68**	**244.33**

इसमें वित्त लेखों के विवरण 15, 21 एवं 22 के आंकड़ों का संदर्भ है \|

(ix) सरकार द्वारा दी गई प्रत्याभूतियाँ:

उत्तराखण्ड सरकारी प्रत्याभूति की अधिकतम परिसीमा अधिनियम, 2016 के अनुसार किसी भी वर्ष में 01 अप्रैल को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कुल प्रत्याभूति की मात्रा राज्य के उस वर्ष की अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 01 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी| वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कुल प्रत्याभूतित राशि ₹ 385.87 करोड़ है | 1 अप्रैल 2022 को प्रदत्त प्रत्याभूतियाँ ₹ 374.34 करोड़ थी जो वर्ष 2022-23 की अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹ 3,02,620.68 करोड़) का 0.12 प्रतिशत हैं और निर्धारित सीमाओं के अंदर हैं |

वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य सरकार को ₹ 4.57 करोड़ (राजस्व प्राप्तियों के अंतर्गत ₹ 0.98 करोड़ और लोक लेखा के अंतर्गत ₹ 3.59 करोड़) प्रत्याभूति शुल्क के रूप में प्राप्त हुए जो वर्ष 2022-23 के दौरान प्रत्याभूतित धनराशि (₹ 385.87 करोड़) का 1.18 प्रतिशत था | उत्तराखण्ड सरकारी प्रत्याभूति की अधिकतम परिसीमा अधिनियम 2016 के अनुसार सरकार प्रत्याभूतित धनराशि का न्यूनतम 01 प्रतिशत प्रत्याभूति शुल्क अधिरोपित करेगी जो ₹ 3.86 करोड़ होता है |

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखों के विवरण 9, 14 एवं 20 में उपलब्ध हैं |

(x) पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण पर व्यय:

राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण हेतु किया गया व्यय वित्त लेखों में विभिन्न प्रकार्यात्मक लेखाशीर्षों के अंतर्गत लघु शीर्ष स्तर तक दर्शाया जाता है | वर्ष 2022-23 के दौरान उत्तराखण्ड सरकार ने मुख्य शीर्ष 3435 के अंतर्गत ₹ 13.46 करोड़ के बजट आबंटन के सापेक्ष ₹ 1.41 करोड़ का व्यय किया | पिछले वर्ष 2021-22 के दौरान उत्तराखण्ड सरकार ने मुख्य शीर्ष 3435 के अंतर्गत ₹ 12.55 करोड़ के बजट आबंटन के सापेक्ष ₹ 0.52 करोड़ का व्यय किया था |

इसमें वित्त लेखों के विवरण 15 एवं 16 के आंकड़ों का संदर्भ है |

(xi) केंद्रीय ऋणों को बट्टे खाते में डालना:

तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के क्रम में भारत के वित्त मंत्रालय ने दिनांक 29 फरवरी 2012 के आदेशों की एक श्रृंखला के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों द्वारा (स्वयं वित्त मंत्रालय द्वारा दिए अग्रिमों को छोड़कर) 31 मार्च 2010 तक केंद्रीय योजना और केंद्रीय पुरोनिधानित योजना हेतु राज्य सरकार को दिए गये ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया था | वित्त मंत्रालय ने राज्य सरकारों को आदेश की प्रभावी तिथि (31 मार्च 2010) से किये गये मूलधन और ब्याज की अधिक चुकौती को वित्त मंत्रालय को भविष्य में किये जाने वाले भुगतान के सापेक्ष समायोजित करने की अनुमति दी | उत्तराखण्ड सरकार ने 31 मार्च 2013 तक ₹ 14.13 करोड़ (₹ 5.75 करोड़ मूलधन, ₹ 8.38 करोड़ ब्याज) की अधिक चुकौती की थी जिसमें से वित्त मंत्रालय द्वारा अब तक ₹ 11.13 करोड़ समायोजित किये जा चुके हैं |

इसमें वित्त लेखों के विवरण सं. 17 के आंकड़ों का सन्दर्भ है |

(xii) राज्य सरकार द्वारा दिए गये ऋण:

₹ 42.09 करोड़ के पुराने ऋणों के संबंध में (जिनके विस्तृत खाते महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वारा रखे जाते हैं) जिसमें 02 विभाग शामिल थे, पिछले कई वर्षों के दौरान मूलधन और ब्याज की वसूली नहीं की गई है और ऐसे सभी ऋण 10 वर्षों से अधिक पुराने हैं |

सांविधिक निकायों/अन्य संस्थाओं को ₹ 92.34 करोड़ के ऋणों (विवरण वित्त खातों के विवरण 18 के अतिरिक्त प्रकटीकरण में हैं) के पुनर्भुगतान के नियमों और शर्तों का निपटान नहीं किया गया है । फलस्वरूप, इसके सापेक्ष राज्य सरकार की प्राप्य धनराशि का अनुमान नहीं लगाया जा सका |

महालेखाकार (लेखा एवं हक) वार्षिक रूप से सत्यापन और स्वीकृति के लिए ऋण की शेष राशि (जिनके विस्तृत खातों का रखरखाव महालेखाकार द्वारा किया जाता है) ऋण स्वीकृत करने वाले विभागों को सूचित करता है | किसी भी ऋणी ने शेष राशि की पुष्टि नहीं की है | शेष राशि के समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों से प्रतीक्षित सूचना का विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट-VII में दिया गया है |

इसमें वित्त लेखों के विवरण सं. 7 एवं 18 के आंकड़ों का सन्दर्भ है |

(xiii) प्रतिबद्ध देयताएं:

बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा लेखांकन के प्रोद्भवन आधार की ओर बढ़ने के लिए कार्यवाही शुरू की गयी है | चूँकि यह बदलाव चरणों में होना है, वर्तमान नकद लेखांकन प्रणाली को प्रोद्भवन-आधारित प्रणाली में बदलने हेतु और निर्णय लेने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु विवरणों के रूप में कुछ अतिरिक्त जानकारी को नकद लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में जोड़ने की आवश्यकता है | राज्य सरकार को प्रतिबद्ध देयताओं पर सूचना उपलब्ध करानी थी किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया |

(xiv) ब्लॉक अनुदानों के अतिरिक्त केंद्रीय पुरोनिधानित योजनाओं/अतिरिक्त केंद्रीय सहायता का पुनर्गठन:

आयोजनागत/गैर-आयोजनागत व्यय के विलय के परिणामस्वरूप, अब, जारी की गयी केंद्रीय सहायता को केंद्रीय पुरोनिधानित योजनाओं के अंतर्गत केंद्रीय सहायता/अंश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है |

31 मार्च 2023 को केंद्रीय पुरोनिधानित योजनाओं के अंतर्गत पुस्तांकित कुल व्यय ₹ 9,603.23 करोड़ (₹ 4,321.16 करोड़ राजस्व व्यय और ₹ 3,796.83 करोड़ पूंजीगत व्यय, सी.एस.एस में राज्य की हिस्सेदारी ₹ 1,485.24 करोड़) है, जिसमें केंद्रीय पुरोनिधानित योजनाओं हेतु केंद्रीय सहायता एवं राज्य का भाग सम्मिलित हैं |

इसमें वित्त लेखों के विवरण सं. 15 एवं 16 के आंकड़ों का सन्दर्भ है |

(xv) राज्य में कार्यान्वयन संस्थाओं को केंद्रीय योजना निधि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (राज्य बजट के बाहर से उपलब्ध कराई गयी धनराशि):

लेखा महा निदेशक (सी.जी.ए.) के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पी.एफ.एम.एस.) पोर्टल के अनुसार वर्ष 2022-23 के दौरान ₹ 4,335.37 करोड़ सीधे मध्यवर्ती संस्थाओं / लाभार्थियों को हस्तांतरित किये गये |

वर्ष 2021-22 की तुलना में कार्यान्वयन एजेंसियों को निधि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण 10.16 प्रतिशत कम हो गया है (2021-22 में ₹ 4,825.65 करोड़ से 2022-23 में ₹ 4,335.37 करोड़)। विवरण वित्त लेखों के *परिशिष्ट-VI* में दिया गया है |

(xvi) राज्य सरकार की ऑफ-बजट देयताएं:

राज्य सरकार ने बजट दस्तावेज़ / वार्षिक वित्तीय विवरण में ऑफ बजट देनदारियों का खुलासा नहीं किया है |

(xvii) एकल नोडल संस्थानों (एस.एन.ए.) के बैंक खाते में पड़ी अव्ययित राशि:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र संख्या 1(13) पी.एफ.एम.एस/एफसीडी/2020 दिनांक 23-03-2021 के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजना (सी.एस.एस) के तहत धन जारी करने और एस.एन.ए के माध्यम से जारी धन के उपयोग की निगरानी के लिए प्रक्रिया अधिसूचित की थी। प्रत्येक सी.एस.एस के लिए, एस.एन.ए की स्थापना राज्य सरकार द्वारा सरकारी व्यवसाय संचालित करने के लिए अधिकृत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में स्वयं के बैंक खाते के साथ की जाती है। प्रक्रिया के अनुसार, राज्य सरकार को अपने खातों में प्राप्त केंद्रीय हिस्से को संबंधित राज्य के हिस्से के साथ संबंधित एस.एन.ए के खाते में स्थानांतरित करना है।

वर्ष के दौरान राज्य सरकार को अपने कोषागार लेखों में, केंद्रांश के रूप में, ₹ 4,916.41 करोड़ प्राप्त हुए। 31 मार्च 2023 तक, सरकार ने एस.एन.ए को कोषागार लेखों में केंद्रीय हिस्सेदारी के रूप में प्राप्त ₹ 4,988.15 करोड़ रुपये, राज्य के हिस्से के रूप में ₹ 1,303.48 करोड़ रुपये और अवर्गीकृत राशि के रूप में ₹ 81.18 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। ₹ 6,372.81 करोड़ के कुल हस्तांतरण में से, पूरी राशि पूरी तरह से प्रमाणित आकस्मिक बिलों/सामान्य बिलों के माध्यम से स्थानांतरित की गई थी। वास्तविक व्यय के विस्तृत वाउचर और सहायक दस्तावेज ए.जी. कार्यालय को एस.एन.ए से प्राप्त नहीं हुए थे। पी.एफ.एम.एस पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2023 तक एस.एन.ए के बैंक खातों में ₹ 3,331.68 करोड़ अव्ययित रहे।

4. आकस्मिकता निधि:

उत्तराँचल आकस्मिकता निधि अधिनियम 2001 की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार ने आकस्मिकता निधि के संरक्षण एवं इससे धनराशि के संवितरण और आहरण से सम्बंधित सभी मामलों को विनियमित करने के लिए आकस्मिकता निधि नियम 2001 बनाया है | उत्तराखंड राज्य के आकस्मिकता निधि का संग्रह ₹ 500.00 करोड़ है | 2022-23 के अंत में ₹ 178.50 करोड़ विभिन्न लेखा शीर्षों के अंतर्गत अनापूर्तित रहे | विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

क्रम सं.	मुख्य शीर्ष	धनराशि
1	न्याय प्रशासन	1.27
2	निर्वाचन	0.05
3	लोक सेवा आयोग	27.12
4	सचिवालय-सामान्य सेवाएँ	27.31
5	जेलें	3.00
6	जल आपूर्ति तथा सफाई	12.43
7	शहरी विकास	0.20
8	श्रम, रोजगार एवं कौशल विकास	0.97

9	सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण	0.50
10	प्राकृतिक विपत्तियों के कारण राहत	45.00
11	वानिकी तथा वन्य जीवन	0.60
12	अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रम	29.04
13	लोक निर्माण कार्यों पर पूंजीगत परिव्यय	15.64
14	आवास पर पूंजीगत परिव्यय	15.37
योग		178.50

31 मार्च 2023 को आकस्मिकता निधि का शेष ₹ 321.50 करोड़ था |

प्रासंगिक आंकड़ें वित्त लेखों के विवरण सं. 1, 2 एवं 21 में उपलब्ध हैं |

5. लोक लेखा:

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली:

वर्ष 2022-23 के दौरान राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली, जो कि एक परिभाषित अंशदान पेंशन योजना है, में कुल योगदान ₹ 1,411.77 करोड़ (कर्मचारी अंशदान ₹ 589.63 करोड़ और सरकारी अंशदान ₹ 822.14 करोड़) था | सरकारी अंशदान पर विस्तृत सूचना वित्त लेखों के विवरण सं. 15 में उपलब्ध है | सरकार ने मुख्य शीर्ष 8342-117 परिभाषित अंशदान पेंशन योजना के अंतर्गत ₹ 1,431.77 करोड़ (₹ 20.00 करोड़ के ब्याज भुगतान सहित) लोक लेखा में हस्तांतरित किये | एन.पी.एस. में सरकार का अंशदान ₹ 3.34 करोड़ कम था, जिसके परिणामस्वरूप उस सीमा तक राजस्व व्यय की न्यूनोक्ति हुई।

(ii)(क) ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ:

(अ) राज्य आपदा मोचन कोष (SDRF):

राज्य आपदा मोचन कोष के संघटन और प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार (ब्याज सहित संभाग के अंतर्गत मुख्य शीर्ष '8121 सामान्य और अन्य आरक्षित निधियाँ' के अंतर्गत) केंद्र और राज्य सरकारों को निधि में 90:10 के अनुपात में अंशदान करना होता है | वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य सरकार को केंद्र सरकार के अंशदान के रूप में ₹ 787.20 करोड़ प्राप्त हुए| वर्ष के दौरान राज्य सरकार का हिस्सा ₹ 87.20 करोड़ था | राज्य सरकार ने मुख्य शीर्ष 8121-122 राज्य आपदा मोचन कोष के अंतर्गत निधि में ₹ 874.40 करोड़ (₹ 787.20 करोड़ केंद्र हिस्सा, ₹ 87.20 करोड़ राज्य हिस्सा) हस्तांतरित किये | राज्य सरकार को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष हेतु केंद्र सरकार से कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई |

(ब) राज्य आपदा शमन कोष (SDMF):

राज्य आपदा शमन कोष (एस.डी.एम.एफ.) का गठन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 48 (1) (सी) के तहत किया जाना है। यह कोष विशेष रूप से राज्य आपदा मोचन निधि (एस.डी.आर.एफ)/राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एन.डी.आर.एफ.) दिशानिर्देशों और समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत आने वाली आपदा के संबंध में शमन परियोजना के उद्देश्य हेतु है । राज्य सरकार ने प्रमुख शीर्ष 8121-130- राज्य आपदा शमन कोष के तहत अधिसूचना संख्या 710/XVIII (2)/08-3(15)/2007 दिनांक: 05.05.2008 के तहत राज्य आपदा शमन कोष का गठन किया है । वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य सरकार को केन्द्र सरकार से ₹ 98.40 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का अंश ₹ 21.80 करोड़ है | राज्य सरकार ने निधि में ₹ 120.20 करोड़ हस्तांतरित किये।

(ब) राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि:

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में, राज्य सरकारों को उपयोगकर्ता एजेंसियों से प्राप्त राशियों से प्रतिकारात्मक वनरोपण का कार्य करने के लिए राज्य के लोक लेखा में ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ खण्ड के अंतर्गत राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि की स्थापना करना आवश्यक है |

वर्ष 2022-23 के दौरान, राज्य सरकार ने मुख्य शीर्ष '8121-सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधि' के अंतर्गत राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि में ₹ 256.68 करोड़ (₹ 150.00 करोड़ ब्याज + ₹ 106.68 करोड़ उपयोगकर्ता शुल्क) की राशि पुस्तांकित की गयी| वर्ष के दौरान सरकार को राष्ट्रीय प्रतिकरात्मक वनरोपण जमा से ₹ 119.00 करोड़ (पूर्व वर्ष में कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई |) की राशि प्राप्त हुई। राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि में 31 मार्च, 2023 को कुल शेष राशि ₹ 3,019.57 करोड़ थी |

राज्य सरकार ने 20 नवंबर 2018 को भारत सरकार द्वारा जारी लेखांकन दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया है । भारत सरकार के दिशानिर्देशों के नियम 2 (6) के अनुसार, उपयोगकर्ता एजेंसियों से राज्य सरकारों द्वारा प्राप्त धन को राज्य के सार्वजनिक खाते में ब्याज वाले अनुभाग के तहत मुख्य शीर्ष **8336-सिविल जमा** के नीचे लघु शीर्ष स्तर पर 'राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण जमा' में जमा किया जाना चाहिए। निधि का 90 प्रतिशत हिस्सा राज्य के सार्वजनिक खाते में मुख्य शीर्ष **8121 सामान्य और अन्य आरक्षित निधि** में स्थानांतरित किया जाना चाहिए और शेष 10 प्रतिशत वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय निधि में जमा किया जाना चाहिए, बशर्ते कि 10 प्रतिशत केंद्रीय हिस्सेदारी का जमा मासिक आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि इसे राष्ट्रीय निधि में स्थानांतरित किया जा सके। उत्तराखंड राज्य सरकार ने अभी तक प्रमुख शीर्ष **8336-सिविल जमा** के तहत 'राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण जमा' नहीं खोला है और उपयोगकर्ता एजेंसियों से पैसा सीधे मुख्य शीर्ष **8121 सामान्य और अन्य आरक्षित निधि** में प्राप्त होता है ।

राज्य सरकार ने 31 मार्च 2023 को सम्पूर्ण राशि ₹ 375.68 करोड़ सीधे लोक लेखे में मुख्य शीर्ष -8121-129-राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि के अंतर्गत निधि में स्थानांतरित कर दी।

(ख) ब्याज रहित आरक्षित निधियाँ:

(अ) समेकित ऋण शोधन निधि:

वर्ष 2006-07 में उत्तराखण्ड सरकार ने ऋणों के परिशोधन के लिए समेकित ऋण शोधन निधि की स्थापना की | निधि के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य को पिछले वर्ष के अंत में बकाया देयताओं (आंतरिक ऋण + लोक लेखा) का कम से कम 0.5 प्रतिशत समेकित ऋण शोधन निधि में अंशदान करना आवश्यक है | वर्ष 2022-23 में सरकार ने आवश्यक योगदान ₹ 385.12 करोड़ के सापेक्ष केवल ₹ 100.00 करोड़ का योगदान दिया | 31 मार्च 2023 को निधि का कुल संचय ₹ 4,304.72 करोड़ (31 मार्च 2022 को ₹ 3,888.55 करोड़) था | ₹ 285.12 करोड़ के कम योगदान के कारण राजस्व व्यय की न्यूनोक्ति हुई |

(ब) प्रत्याभूति मोचन निधि: राज्य सरकार ने प्रत्याभूति मोचन निधि की स्थापना की जिसका प्रबंधन भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किया जाता है | राज्य सरकार द्वारा जारी निधि अधिसूचना में नवीनतम संशोधन जो वर्ष 2016 से प्रभावी है के अनुसार राज्य सरकार प्रारंभ में ₹ 10.00 करोड़ की राशि का योगदान करेगी और उसके बाद बकाया आहूत प्रत्याभूतियों और वर्ष के दौरान जारी की गई वृद्धिशील प्रत्याभूतियों के परिणामस्वरूप संभावित प्रत्याभूतियों की राशि का न्यूनतम 1/5 भाग योगदान करेगी | निधि को धीरे-धीरे एक ऐसे वांछनीय स्तर तक बढ़ाया जाएगा जिसे अगले 5 वर्षों में बकाया प्रत्याभूतियों के संभावित आह्वान से सरकार पर अवक्रमित प्रत्याशित प्रत्याभूतियों की राशि को पूरा करने के लिए पर्याप्त माना जा सके | वर्ष के दौरान सरकार ने निधि में ₹ 74.87 करोड़ के सापेक्ष केवल ₹ 10.00 करोड़ का योगदान दिया | 31 मार्च 2023 को निधि का कुल संचयन ₹ 176.75 करोड़ (31 मार्च 2022 को ₹ 153.92 करोड़) था | ₹ 64.87 करोड़ के कम योगदान के कारण राजस्व व्यय की न्यूनोक्ति हुई |

निधि में लेन-देन को वित्त खातों के विवरण 21 और 22 में दर्शाया गया है।

(स) केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ): भारत सरकार की दिनांक 31-03-2018 की राजपत्र अधिसूचना के तहत पूर्ववर्ती केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) का नाम बदलकर केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) कर दिया गया है। सीआरआईएफ का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे परियोजनाओं के विकास और रखरखाव, रेलवे, राज्य और ग्रामीण सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचे में सुरक्षा में सुधार आदि के लिए किया जाएगा।

मौजूदा लेखांकन प्रक्रिया के संदर्भ में, केंद्र से राज्य को प्राप्त अनुदान को शुरू में मुख्य शीर्ष 1601 के तहत राजस्व प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाना है। इसके बाद, प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा कार्यात्मक प्रमुख शीर्षों के माध्यम से लोक लेखे के प्रमुख शीर्ष 8224-101-केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि में स्थानांतरित किया जाना है।

वर्ष 2022-23 के दौरान, राज्य सरकार को सीआरआईएफ के लिए ₹ 378.17 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ। 31 मार्च 2023 तक राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक खाते में निधि में कोई राशि हस्तांतरित नहीं की गई थी। ₹ 285.12 करोड़ की राशि के हस्तांतरित न होने के कारण इस सीमा तक राजस्व व्यय की न्यूनोक्ति हुई|

(iii) उच्चंत एवं प्रेषण शेष:

वित्त लेखों में उच्चंत और प्रेषण के निवल शेष दर्शाए जाते हैं | 31 मार्च 2023 को इन शीर्षों के तहत बकाया शेष राशि, जिसकी गणना विभिन्न शीर्षों के तहत अलग-अलग बकाया नामे (डेबिट) और जमा (क्रेडिट) शेष को मिलाकर की जाती है, 04 शीर्षों के अंतर्गत ₹ 238.82 करोड़ (जमा)(31 मार्च 2022 को ₹ 208.38 करोड़(जमा)) थी |

इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया राशियाँ बचे रहने से राज्य सरकार के विभिन्न लेखा शीर्षों के अंतर्गत प्राप्ति/व्यय के आंकड़ों (जिन्हें वर्ष दर वर्ष आगे ले जाया जाता है) और शेषों की सटीकता प्रभावित होती है |

(iv) चेक और बिल:

मुख्य शीर्ष 8670 चेक और बिल के अंतर्गत जमा शेष जारी किये गये लेकिन नकदीकरण ना किये गये चेकों को दर्शाता है | 1 अप्रैल 2022 को प्रारंभिक शेष ₹ 349.72 करोड़ (जमा) था | वर्ष 2022-23 के दौरान ₹ 49,375.90 करोड़ के चेक जारी किये गये जिसके सापेक्ष ₹ 49,661.31 करोड़ के चेक नकदीकरण किये गये जिससे 31 मार्च 2023 को ₹ 64.31 करोड़ (जमा) शेष बाकी रह गया | अंतिम शेष उस व्यय को दर्शाता है जो मूल रूप से अलग-अलग मुख्य शीर्षों के अंतर्गत विभिन्न वित्तीय वर्षों में पुस्तांकित किया गया था और जिससे 31 मार्च 2023 तक उत्तराखण्ड सरकार को कोई नकद बहिर्वाह नहीं हुआ है|

(v) उपकर/शुल्क/अधिभार:

वर्ष 2022-23 के दौरान उत्तराखण्ड सरकार ने उपकर/शुल्क/अधिभार (श्रम उपकर के अलावा) के रूप में ₹ 70.56 करोड़ (2021-22 ₹ 72.00 करोड़) संग्रहित किये | ₹ 72.00 करोड़ की राशि मुख्य शीर्ष '0801-उर्जा -01-जल विद्युत उत्पादन और 05-संचरण और वितरण-800-अन्य प्राप्तियाँ' के अंतर्गत सरकार के राजस्व के रूप में पुस्तांकित की गयी है | उत्तराखण्ड हरित ऊर्जा उपकर अधिनियम 2014 के धारा 6 और 7(1) के अनुसार राज्य सरकार को एक 'हरित ऊर्जा निधि' स्थापित करने और उपकर से प्राप्तियों को राज्य की समेकित निधि से इस निधि में हस्तांतरित करने की आवश्यकता है | 31 मार्च 2023 तक राज्य सरकार द्वारा ऐसी कोई निधि स्थापित नहीं की गयी है | इससे ₹ 72.00 करोड़ से राजस्व व्यय की न्यूनोक्ति हुई है |

(vi) प्रतिकूल शेष:

वर्ष के दौरान लेखों में दिखने वाले ऋणात्मक शेष निम्नवत हैं | ये ऋणात्मक शेष गलत पुस्तांकन की वजह से थे और इन्हें सही किया जा रहा है | (₹ करोड़ में)

मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष विवरण	ऋणात्मक शेष
6851	ग्राम और लघु उद्योगों हेतु ऋण	(-)0.18
7610	सरकारी कर्मचारियों हेतु ऋण	(-)20.08

(vii) रोकड़ शेष:

31 मार्च 2023 को महालेखाकार के अभिलेखों के अनुसार रोकड़ शेष ₹ 131.82 करोड़ (जमा) था और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा यह ₹ 0.85 (नामे) प्रतिवेदित किया गया | दोनों में ₹ 130.97 करोड़ (जमा) का निवल अंतर था जो मुख्यतः कोषागारों द्वारा मिलान न कराए जाने की वजह से था | अंतर का मिलान किया जा रहा है |

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखों के विवरण सं. 21 में उपलब्ध हैं |

31 मार्च 2022 को महालेखाकार के अभिलेखों के अनुसार रोकड़ शेष ₹ 112.47 करोड़ (नामे) था और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा यह ₹ 6.03 (जमा) प्रतिवेदित किया गया | दोनों में ₹ 118.50 (नामे) करोड़ का निवल अंतर था जो मुख्यतः कोषागारों द्वारा मिलान न कराए जाने की वजह से था |

(viii) डी.डी.ओ. के अपने खातों में स्थानांतरण: आई.एफ.एम.एस. डाटा के अनुसार, ₹ 787.12 करोड़ की धनराशि सरकारी लेखे के बाहर डी.डी.ओ. के बैंक खातों में स्थानांतरित की गयी।

6. राजस्व व्यय पर प्रभाव:

राज्यों के वित्तीय साधनों पर गलत वर्गीकरण/सांविधिक प्रावधानों के गैर-अनुपालन का प्रभाव, जैसा कि पूर्ववर्ती पैरा में बताया गया है, नीचे सारणीबद्ध है:

पैरा सं.	मद (उदाहरणात्मक)	राजस्व व्यय की अत्युक्ति (₹ करोड़ में)	राजस्व व्यय की न्युनोक्ति (₹ करोड़ में)
3(ii)	राजस्व और पूँजीगत के बीच गलत वर्गीकरण	15.23	…
5(i)	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में कम योगदान	…	3.34
5(ii)(B)(a)	समेकित ऋण शोधन निधि	…	285.12
5(ii)(B)(b)	प्रत्याभूति मोचन निधि	…	64.87
5(ii)(B)(c)	केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि	…	378.17
5(v)	उपकर/शुल्क/अधिभार	…	72.00
कुल (निवल) प्रभाव		**₹ 788.27 न्युनोक्ति**	

© भारत के नियंत्रक
एवं महालेखापरीक्षक
www.cag.gov.in

https://cag.gov.in/ae/uttarakhand/hi

Printed by: Censer Advertising Pvt Ltd. (M) 9810213218